an>

title: Regarding construction of a by-pass in Udaipur in Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): अध्यक्ष महोदया, राजस्थान में उदयपुर शहर है। मैं उदयपुर लोक सभा संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हो कर आया हूं। उदयपुर ऐतिहासिक दृष्टि से महाराणा प्रताप और राणा पुंजा की जन्म और कर्मस्थली रही है। उदयपुर के तीनों ओर झीलें हैं। उसे झीलों का शहर और झीलों की नगरी के नाम से जाना जाता है। उदयपुर को राजस्थान का कश्मीर के नाम से भी जाना जाता है। उदयपुर लगभग पांच लाख की आबादी वाला शहर है। नेशनल हाइवे - 8 दिल्ली से मुंबई तक जाती है, जो उदयपुर शहर के मध्य से होकर गुजरती है।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि मुख्य सड़क एनएच-8 है, जो भुआना से लेकर वाया डेबारी और काया को बाईपास रोड के रूप में पीपीपी मोड में स्वीकृत कराने के लिए सरकार से मांग करता हूं।

माननीय अध्यक्ष :

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।